पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

——————

राज्यपाल ने श्री आशुतोष टण्डन (गोपाल जी) के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया

——————

लखनऊः 9 नवम्बर, 2023

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी ने उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री एवं लखनऊ पूर्व के विधायक श्री आशुतोष टण्डन (गोपाल जी) के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। अपने शोक संदेश में राज्यपाल जी ने कहा कि गोपाल जी हमेशा कर्मठ एवं जनप्रिय राजनेता के रूप में याद किये जायेंगे।

राज्यपाल जी ने ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

——————

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन
सम्पर्क सूत्र 9453005360